तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 8 जून, 2025

13 ग्रामीणों को अब नहीं जाना पड़ेगा 2 किमी दूर, बम्हनी...



14 दल्लीराजहरा में बंदरों का उत्पात बना खतरा, झूलते...





## खबर संक्षेप

### कुलिया गांव के हनुमान मंदिर में चोरी, मामला दर्ज

**गुरूर।** ग्राम कुलिया के हनुमान मंदिर में भगवान श्री हनुमान जी के मूर्ति के चांदी के आंख को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया। जिसके बाद अज्ञात चोर के खिलाफ थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। नेशनल हाईवे 930 स्थित ग्राम कुलिया मे शुक्रवार शाम पुजारी रमेश ठाकुर द्वारा पूजा पाठ करने के बाद मंदिर में ताला लगाकर रात को अपने घर चले गए थे। जहां सुबह जब वे पूजा पाठ के श्री हनुमान जी के मंदिर आए तो उन्होने मंदिर में लगा ताला टूटा पाया। जिसके बाद जब वे अंदर गर्भगृह मे हनुमान जी की मूर्ति के पास पहुंचे तो उन्होने देखा कि भगवान हनुमान जी के मूर्ति के चांदी की आंखे की अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई है। जिसके बाद उन्होने आस पास के लोगों को इसकी जानकारी दी और पुलिस के पास अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। वही भगवान हनुमान जी के मूर्ति के चांदी के आंखे चोरी होने की जानकारी पर एक हनुमान भक्त ने हनुमान मंदिर को भगवान हनुमान के मूर्ति के लिए चांदी की आंखे भेट की। जिसके बाद भगवान हनुमान जी को आंखे लगाए गए।

### सब्जी खरीद रही महिला के गले से सोने की चेन पार

**बालोद।** बाजार मे सब्जी खरीद रही एक महिला के गले से अज्ञात चोर द्वारा सोने का चेन चोरी कर लिया, जहां सब्जी खरीदकर आटा चक्की दुकान पहुंचकर अपने गले मे सोने का चेन न होने पर पुनः सब्जी खरीदने वाले स्थान पर पहुंची तो संदिग्ध तीन महिलाएं वहां से गायब हो चुकी थी। जिसके बाद महिला ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। शहर के बुधवारी बाजार दुर्गा मंच के सामने सीढ़ी के पास अज्ञात चोर ने उशा ठाकुर के गले मे पहने 65 हजार रूपये के सोने की चेन लॉकेट की चोरी कर ली। पुलिस के अनुसार उशा ठाकुर ने जानकारी दी है कि दुर्गा मंच के सामने सीढ़ी के पास सब्जी खरीद रही थी। इस दौरान अज्ञात तीन महिलाएं बगल मे मौजूद थी। सब्जी खरीदने के बाद बुधवारी बाजार आटा चक्की के पास पहुंचने पर मालूम हुआ कि सोने की चेन गले से गायब हो गया है। जिस स्थान पर सब्जी खरीदी वहां पहुंची तो चेन नही मिली और न ही तीनो महिलाएं जिसके बाद थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंची। बालोद थाने मे अज्ञात आरोपी के खिलाफ 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### डेटा चोरी, पूर्व जीएम के खिलाफ अपराध दर्ज

**भिलाई।** कंपनी का लैपटाप लेकर डेटा करने करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने धार 316(4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि शिवालिक इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड हथखोज में मैनेजर एडमिन गिरजेश सिंह कार्यरत है। मैनेजर ने पुलिस में शिकायत किया है कि कंपनी में पूर्व जीएम (आपरेशन) का कार्य करने वाले सांगली, महाराष्ट्र निवासी निखिल जैन ने लैपटाप, बौद्धिक संपदा को अपने पास रख आपराधिक विश्वाससघात किया है। निखिल ने धोखे से कंपनी का लैपटाप चोरी किया और कंपनी की गोपनीय व्यावसायिक जानकारी अन्य कंपनियों को हस्तांतरित करने का प्रयास किया। आरोपी निखिल 21 अक्टूबर 2023 को कंपनी में जनरल मैनेजर के पद पर था। कंपनी की व्यापारिक नीतियां, तकनीकी, जानकारी, ग्राहक डेटा को पूर्ण गोपनीयता के साथ संभालेंगे। लेकिन अनुबंध के तहत कंपनी लैपटाप उसे सौंपा था, जिसमें कंपनी के बौद्धिक संपदा से जुड़ी महत्वपूर्ण थी। 12 नवंबर 2024 को निखिल ने कंपनी को एक ईमेल भेजकर अपना इस्तीफा दिया। इस्तीफे में उसने पत्नी की गर्भावस्था में गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं बताया था। लेकिन निखिल सांगली न जाकर गुजरात स्थित हमारी प्रतिद्वंद्वी कंपनी भगवती आटोकास्ट में शामिल हो गया।

# पानी के लिए तरस रहा देवरी गांव, जल जीवन मिशन की टंकी में नहीं है एक बूंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

## हैडपंप से पानी की निकल रही पतली धार, ग्रामवासी परेशान





जिला के विकास खण्ड गुण्डरदेही ब्लॉक के 4000 की जनसंख्या वाले गांव देवरी ख के ग्रामीण आज भी पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। गांव में केंद्र सरकार की महत्ती योजना जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी का निर्माण किया गया है। पाइप लाइन एवं घर घर नल कनेक्शन भी हो चुका है, परंतु नल जल कनेक्शन से पानी कब आएगा कोई बताने वाला नही है। वहीं ग्रामीण मजबूरन हैडपंप से पानी भर रहे है, लेकिन वाटर लेबल गिरने के कारण हैडपंप से भी पानी की पतली धार निकल रही है, जिससे ग्रामवासी काफी परेशान है। उनका बहुत समय पानी की व्यवस्था में निकल रहा है। ग्राम की महिलाओं को सबसे अधिक पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा हैं। महिलाएं स्वयं भारी भरकम प्लास्टिक के डिब्बा में पानी भरकर अपने साइकिल से पानी लेकर घर ले जाते है, पानी की व्यवस्था करने में इतना समय निकल जाता है कि काम के लिए जाने का समय निकल जाता है जिससे रोजी का नुकशान हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत गांव में पानी टंकी बनी हुई है। पाइपलाइन बिछा हुआ है लेकिन पानी नहीं आता, नल की टोटी से सिर्फ हवा निकलती है इसलिए आज महिलाओं को पानी की काफी समस्या हो रही है। पूर्व पंच सरोज, इंद्राणी यादव, सरिता यादव, ओमनी निषाद, नोमिन देशमुख, प्रमिला निषाद, ▶▶|शेष पेज 12 पर

## पर्व : ईद की नमाज के बाद एक-दूसरे को गले मिलकर दी मुबारकबाद

# नगर में धूमधाम से मनाया गया ईद-उल-जुहा का त्योहार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर में ईदुल अदहा का त्यौहार खुशनुमा माहौल में मनाया गया। जामा मस्जिद के ईमाम मोहम्मद शकील चिश्ती ने ईदगाह में कहा कि ईद उल अदहा पर की जाने वाली कुर्बानी का मकसद अल्लाह ताअला की कुरबत हासिल करना है।

उन्होंने कहा कि हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम ने अल्लाह की रजा जानकर अपने बेटे हज़रत इस्माइल अलैहिस्सलाम को अल्लाह की राह में कुर्बान करना चाहा लेकिन अल्लाह की कुदरत से हजरत इस्माईल अलैहिस्सलाम की जगह एक दुंम्बा आ गया जो हजरत इस्माईल अलैहिस्सलाम की जगह कुर्बान हो गया। हाफिज शकील चिश्ती ने कहा कि एक कुर्बानी सिर्फ जानवर को ज़िबा करना नहीं बल्कि इंसान को अपनी जिंदगी की तमाम बुराइयों तकब्बुर, हसद, बुग्ज, कीना और नफरत जैसी तमाम बुराइओं को भी अपनी जिंदगी से दूर करना है। यह भी अल्लाह की राह में एक कुर्बानी है। उन्होंने कहा कि आज अल्लाह की बारगाह में मांगने का दिन है। आज शुक्राना अदा करने और खुशी मनाने का दिन है। गरीबों, मिस्कीनों की मदद करने का दिन है। इमामओ खतीब शकील चिस्ती ने ईद की नमाज के बाद रियासत व मुल्क की तरक्की, अमनो–आमान और भाईचारे के लिए दुआएं की। नमाज से फारिग होकर एक–दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। कब्रिस्तान जाकर अपने मरहूमीन के लिए दुआए मगफिरत की। इस मौके पर इंतेजामियां कमेटी के मुतवल्ली शाहिद खान ने कमेटी के विकास कार्य की जानकारी दी। ईदुल अदहा की नमाज के फौरन बाद ईदगाह स्थित मैदान में संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा तथा नगरपालिका बालोद के अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, ईमाम मो शकील चिश्ती, इंतेजामियां कमेटी जामा मस्जिद बालोद के मुतवल्ली व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री शाहिद खान, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष अकबर तिगाला, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी पार्षद गण तथा मुस्लिम समाज के लोगों की उपस्थिति में पर्यावरण को सुहावना बनाने को लेकर पौधारोपण किया गया।

# हाईवा चालक पर प्राणघातक हमला, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

थाना पुरूर के द्वारा रेत ठेकेदार के द्वारा हाईवा चालक एवं साथ प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को पकड़ा गया। है जिसमे उनके खिलाफ धारा 296, 351(3), 118(1), 109, 3(5) के तहत कार्यवाही की गई है। जिसमे ग्राम पोटिया चौक रिसभ प्राईम सिटी क्वाटर नंबर 204 एफ टावर थाना पुलगांव जिला दुर्ग व वार्ड क्रमांक 15 मंगला बिलासपुर थाना सिविल लाईन बिलासपुर जिला बिलासपुर शिवम सिंह पिता कमलेश सिंह उम्र 33 वर्श को गिरफ्तार किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी गोपेन्द्र कुमार साहू ने 5 जून को रात्रि करीब 9 बजे अपने हाईवा क्रमांक सीजी 07 सीएस 0102 लेकर रेत लोड करने ग्राम पटेली से तासी रेत खदान महानदी निकला और ग्राम भैसमुड़ी महानदी के पास पहुंचकर रात्रि करीब 11 बजे गाड़ी खड़ी किया। तभी वहां पर टोनी सरदार व शिवम सफेद रंग की कार से आये और गोपेन्द्र कुमार साहू यहां से गाड़ी बाहर निकालने का प्रयास करने लगा इतने मे टोनी सरदार और शिवम सिंग प्रार्थी के पास आकर उसे गाली गलौज करते हुए बोला कि गाड़ी का दरवाजा खोल वह डरकर दरवाजा खोला, टोनी सरदार उपर चढ़कर चाकू से प्रार्थी के सिर पर वार किया। प्रार्थी सिर को हटाया फिर दुबारा उसे चाकू मारा जिसे वह हाथ से रोका हाथ मे चोट लगी फिर टोनी सरदार प्रार्थी के सिर पर वार किया। जिससे दाहिने हाथ से रोकने का प्रयास किया जो हाथ मे चोट लगते हुए सिर मे जा लगी। टोनी सरदार ने संजय कुमार उराव के उपर भी चाकू से हमला किया है जिससे उसके कुल्हे पर चोट आई है। टोनी सरदार एवं शिवम सिंह द्वारा प्रार्थी के जान से मारने की नियत से उसके उपर चाकू व लोहे के पाईप से प्राण घातक हमला किया है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्व कर सायबर टीम बालोद व थाना पुरूर पुलिस के द्वारा पतासाजी कर 6 जून को दोनो मुख्य आरोपीयो को गिरफ्तार कर न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया।

# राज्य महिला आयोग की सुनवाई 12 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्ली राजहरा

■ न्याय की आस में दल्लीराजहरा से दर्जनों पीड़िता पहुंचेंगी

दल्ली राजहरा से दर्जनों पीड़ित महिलाएं पहुंचेंगी जिला मुख्यालय, राज्य महिला आयोग अध्यक्ष के समक्ष रखेंगी अपनी व्यथा महिला हिंसा के खिलाफ आ वा ज बुलंद करेंगी पीड़िताएं, 12 जून को बालोद में होगी सुनवाई। दल्लीराजहरा,महिलाओं के खिलाफ हो रही हिंसा, उत्पीड़न और अन्य सामाजिक अन्याय के खिलाफ अब दल्ली राजहरा की पीड़ित महिलाएं चुप नहीं बैठेंगी। दर्जनों महिलाएं 12 जून को बालोद जिला मुख्यालय पहुंचेंगी और छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक के समक्ष अपनी पीड़ा और समस्याएं खुलकर रखेंगी। महत्वपूर्ण जानकारी के अनुसार, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष नायक 12 जून 2025 को सुबह 11 बजे से संयुक्त जिला कार्यालय, बालोद में आयोग को प्राप्त विभिन्न महिला संबंधित प्रकरणों की जनसुनवाई करेंगी। इस दौरान दल्ली राजहरा से कई पीड़िताएं अपने साथ हुए घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, पारिवारिक विवाद, सामाजिक बहिष्कार और अन्य महिला उत्पीड़न के मामलों को लेकर आयोग के समक्ष गुहार लगाएंगी। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी, जागरूकता का प्रतीक यह पहल न केवल महिला आयोग की संवेदनशीलता को दर्शाती है, ▶▶|शेष पेज 12 पर

### संवेदनशील मामलों पर होगी विशेष सुनवाई



सूत्रों के अनुसार, आयोग उन मामलों को प्राथमिकता देगा, जो लंबे समय से लंबित हैं या जिनमें पीड़िताओं को त्वरित न्याय की आवश्यकता है। महिला आयोग की यह पहल निश्चित ही दल्ली राजहरा समेत पूरे बालोद जिले की पीड़ित महिलाओं के लिए न्याय की दिशा में एक नई उम्मीद लेकर आएगी।

### दुर्ग जिले से 6 टीआई बने डीएसपी

**भिलाई।** गृह मंत्रालय ने टीआई से डीएसपी प्रमोशन की लिस्ट देर शाम जारी कर दिया है। जिसमें दुर्ग जिले से 6 पुलिस निरीक्षको को डीएसपी का प्रमोशन मिला है। जिसमें उतई टीआई विपिन रंगारी, दुर्ग कोतवाली टीआई ममता अली शर्मा, छावनी टीआई नवी मोनिका पाण्डेय और कृष्ण बिहारी नागे के अलावा सात सहायक सेनानियों की भी पदोन्नति हुई है। पुलिस विभाग में 59 पुलिस कर्मियों की पदोन्नति हुई है। जिसमें 27 महिलाएं शामिल है। वहीं 10 निरीक्षकों का प्रमोशन रोक दिया गया है। बताया जा रहा है कि विभागीय जांच के कारण ही उनके लिफाफे नहीं खोले गए है। 15 दिनों बाद टीआई से डीएसपी बने पुलिस अफसरों का पदस्थापना दिया जाएगा।

# बालोद में बिजली संकट पर युवा कांग्रेस का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रे मे थोड़ी सी आंधी तुफान व मौसम खराब न होने की स्थिति मे भी बिजली गुल होने की शिकायत करते हुए लालटेन लेकर पहुंचे जिला युवा कांग्रेस ने विद्युत विभाग के दल्लीचौक स्थित कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया तथा विद्युत विभाग के साथ सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान विभाग के गेट पर धरना दिया। जिला युवा कांग्रेस नेता अध्यक्ष प्रशांत बाला बोकड़े, प्रशासनीक महामंत्री आदित्य दुबे ने बताया कि नगर सहित जिले के ग्रामो मे अधोशित विद्युत कटौती ▶▶|शेष पेज 12 पर

## एनीमिया से ग्रसित लोगो की जांच व उपचार के लिए 40 लाख की स्वीकृति

# एनीमिया मुक्त अभियान में पारदर्शिता की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला के आदिवासी विकासखंड डोंडी के खनन प्रभावित चार ग्रामों में एनीमिया से ग्रसित लोगो की जांच व उपचार के लिए 40लाख रुपयों की स्वीकृति कर कार्यादेश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बालोद द्वारा दुर्ग के एनजीओ को दिए जाने की जानकारी विकास खंड चिकित्सा अधिकारी और ना ही जनपद पंचायत डोंडी को दी गई। वही उक्त कार्यादेश में एनजीओ संस्था द्वारा एनीमिया मुक्त कार्यक्रम (खनिज प्रभावित क्षेत्रों) के लिए कार्य की रूपरेखा भेजने पर स्वीकृति प्रदान करना भी कार्य के क्रियान्वयन पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है। चयनित चार ग्रामों में किस तरह का जांच व उपचार होगा इसकी कोई जानकारी नहीं है। ग्राम पंचायत धुरवाटोला का आश्रित ग्राम शिकारीटोला में शनिवार को एक ▶▶|शेष पेज 12 पर

### बिना स्थानीय प्रशासन की जानकारी के जारी हुआ 48 लाख का कार्यादेश



एनीमिया की जांच करने वालो ने कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बालोद के द्वारा पत्र क्रमांक 1788 दिनांक 17-03-2025 के अनुसार विकासखंड डोंडी के खनन प्रभावित में एनीमिया से ग्रसित लोगों की जांच एवं उपचार हेतु मानव संसाधन व आवश्यक विशिष्ट कार्य योजना हेतु आपकी संस्था द्वारा प्रेषित एनीमिया मुक्त कार्यक्रम (खनिज प्रभावित छेत्रों) के लिए स्वीकृति उपरांत कार्य की निम्नानुसार कार्यादेश प्रदाय किया जा रहा है। कार्य क्षेत्र ग्राम चिखली, बिटाल, धुरवाटोला, चिपरा के लिए 48 लाख रुपयों की स्वीकृति दी गई है व कार्य की अवधि चार माह बताया गया है। ग्राम पंचायत धुरवाटोला की सरपंच अंजू कोसमा ने बताया की जिला स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जारी कार्यादेश की कॉपी व्हाटअप में आने से ग्राम में एनीमिया से ग्रसित ग्रामीणों की जांच बाबत मुनादी कराने की बात कही मिथलेश निरोटी जिला पंचायत सदस्य ने कहा की आदिवासी क्षेत्र के ग्रामीणों के स्वास्थ्य के जांच लिए लाई योजना में पारदर्शिता होनी चाहिए, जिससे उसका लाभ ग्रामीणों को मिल सके। संजय बैस पूर्व जनपद सदस्य ने कहा की ब्लॉक के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व ग्राम पंचायतों में लिखित जानकारी पहुंचनी चाहिए, किंतु ऐसा नहीं होने से कार्य के क्रियान्वयन में संसय होने की बात कही। अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य ने कहा की डोंडी विकासखंड में पूर्व शासनकाल में जिला खनिज न्यास निधि से विभिन्न कार्यों का प्रशिछ्छन के नाम पर करोड़ों रुपयों का भ्रष्टाचार किया गया। उक्त कार्य में भी खनन प्रभावित क्षेत्र का उल्लेख है तो निश्चित ही उक्त कार्य जिला खनिज न्यास निधि से ही स्वीकृत होगा। एनजीओ की टीम जांच के लिए ग्राम में घूम रही है और स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी को जानकारी नहीं है। उक्त कार्य के स्वीकृति व क्रियान्वयन की जांच कराने की मांग की है। जिला चिकित्सा अधिकारी व विकासखंड चिकित्सा अधिकारी से उक्त संबंध में जानकारी लेने मोबाइल से संपर्क करने का प्रयास किया गया किंतु उनके द्वारा मोबाइल रिसीव नहीं किया गया

# बालोद के कमरौद में अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ तीन ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

ग्राम कमरौद मे अवैध रेत परिवहन पर कार्यवाही करते हुए तीन रेत से भरे ट्रैक्टर ट्राली को जप्त किया है। जिले के ग्राम कमरौद के नदी मे रेत का अवैध खनन जारी था। उसी वक्त जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंच गई, जहां रेत का अवैध परिवहन कर रहे कई वाहन चालक व मजदूर अपने आप को बचाते हुए इधर उधर भागने लगे लेकिन पुलिस ने तीन ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ने मे सफलता प्राप्त की। जिसके बाद पुलिस ने तीनो ही ट्रैक्टर ट्राली को गुण्डरदेही थाने लाकर थाना परिसर मे खड़ा कर आगे की कार्यवाही मे जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार कुछ दिनो से लगातार इस क्षेत्र मे अवैध रेत परिवहन की जानकारी मिल रही थी, जिससे क्षेत्र के लोगो मे काफी आक्रोश भी देखने को मिल रहा था तथा आम जनता द्वारा इसकी कई बार शिकायत भी की जा चूकी थी, लेकिन इस पर कोई ठोस कदम नही उठाया जा रहा था, जिसके कारण अवैध रेत खनन माफियाओ के हौसले बढ़ते जा रहे थे। गर्मी लगते ही क्षेत्र की नदिया सूख जाती है, जिसके कारण गर्मी लगते ही अवैध रेत परिवहन माफिया सक्रिय हो जाते है तथा वे दिन के साथ रात के अंधेरे मे भी अवैध रेत परिवहन को अंजाम देकर शासन प्रशासन के राजस्व का नुकशान करते रहते है जिस पर शासन प्रशासन द्वारा ठोस कार्यवाही नही करने के कारण उनकी हौसले और बढ़ते रहते है और लगातार ऐसे कामो को उनके द्वारा अंजाम देने की खबरे लगातार आती रहती है।

# जिला अस्पताल में कायाकल्प टीम ने की पड़ताल, वार्डों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला अस्पताल में शुक्रवार को छः सदस्यीय टीम ने इलाज से संबंधित विभिन्न गतिविधियों की जांच की है। टीम ने अस्पताल के सभी सेवाओं की गहनता से जांच की, वहीं अधूरे कंट्रक्शन को पूरा करने सक्त निर्देश दिए है। टीम ने कहा कि, इस बार प्रदेश में दुर्ग जिला अस्पताल की रैकिंग प्रदेश में बेहतर होना चाहिए। बहरहाल टीम जांच के बाद रिपोर्ट भी ले गई हैं।

जिला अस्पताल दुर्ग में कायाकल्प की टीम राज्य से आई थी। टीम ने सम्पूर्ण जिला अस्पताल का निरीक्षण किया, जिसमें सर्जिकल विंग आर्थो वार्ड आपातकालीन विभाग मातृ शिशु अस्पताल, एसएनसीयू, स्थापना शाखा, मेडिकल बोर्ड शाखा, मेडिकल वार्ड, डायलिसिस वार्ड, पीऐनसी वार्ड, आईसीयू, ब्लड बैंक, सोनोग्राफी सहित सभी विभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होने सभी कार्य समय पर पूर्ण करने कहा है। निरिक्षण के बाद टीम ने अस्पताल प्रबंधन को पाजीटिव रिपोर्ट भी दिए है, जिसमे उन्होने कहा दुर्ग जिला अस्पताल सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान पर अपने मानकों के अनुरूप रहा है। ऐसा माना जा रहा हैं कि इस बार अस्पताल को बेहतर रैकिंग मिल सकते है। राज्य स्वास्थ्य संचालनालय से पहुंचे टीम में डां महेश्वर ज्वाइन डायरेक्टर, श्री संतोष डिप्टी डायरेक्टर, कविता चंद्राकर संभागीय सलाहकार, और डां परघनिया राज्य सलाहकार पहुंचे थे।

## छह सदस्यीय टीम ने जिला अस्पताल के वार्डों की गहन जांच

### पिछले साल जगदलपुर रहा पहले नंबर पर

जिला अस्पताल के कंसलटेंट ओपी वर्मा ने बताया कि, कायाकल्य की टीम हर साल प्रदेश में मानिटरिंग करती है। तय मानको के आधार पर अस्पतालों को रैकिंग मिलती है। पिछले साल प्रदेश में जगदलपुर जिला अस्पताल को पहला रैकिंग मिला था, वही दूसरे नंबर पर बेमेतरा अस्पताल रहा था। दुर्ग को पिछले साल सांत्वना पुरस्कार मिला था। लेकिन इस बार टीम के निरिक्षण के बाद पाजीटिव फीडबैक से अच्छी रैकिंग मिलने की उम्मीद है।



### इन मानकों के आधार पर जांच

अस्पताल में कायाकल्प की टीम के कुछ मानक होते हैं। इस मानक के अनुसार स्वच्छता, रखरखाव, संक्रमण नियंत्रण, और अपशिष्ट प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। यह टीम अस्पताल के वातावरण को साफ, सुरक्षित, और मरीजों के लिए अधिक आरामदायक बनाने में मदद करती है। इसमें अस्पताल के सभी क्षेत्रों में नियमित रूप से साफ-सफाई मरीज के कमरे की सफाई, शौचालय, और परिसर शामिल हैं। सफाई के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले उत्पादों का उचित तरीके से इस्तेमाल और उपकरणों और फर्नीचर का रखरखाव ध्यान दिया जाता है। वही सबसे अहम मानक संक्रमण नियंत्रण होता है। संक्रमण नियंत्रण प्रोटोकॉल का पालन किया जाना चाहिए, जैसे कि हैंड वॉश और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण का इस्तेमाल शामिल है। इसके आलावा बायोमेडिकल अपशिष्ट का उचित तरीके से निपटान शामिल है। वही पर्याप्त रोशनी

### बेहतर फीडबैक

कायाकल्य की टीम जिला अस्पताल का निरिक्षण कर लौट गई है। वे विभिन्न मानकों के तहत जांच करती है। जांच के बाद अच्छी रिजल्ट मिलने की उम्मीद है।
**-डां हेमंत साहु,** सीएस जिला अस्पताल दुर्ग

## खबर संक्षेप



### सीमेंटीकरण का विधायक ने किया भूमिपूजन

**दुर्ग।** विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 19 में सीमेंटीकरण सड़क बनाने विधायक गजेन्द्र यादव ने महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, स्थानीय पार्षद व नागरिकों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया। क्षेत्र की जनता ने सड़क खराब होने के कारण आने जाने में हो रही समस्या से अवगत कराते हुए सीसी रोड की मांग किये थे, जिससे आवागमन बेहतर हो सके। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य कांशीराम कोसरे, ललिता सावित्री दमाहे, मनीष साहू, शेखर चंद्राकर, देवनारायण चंद्राकर, मनीष साहू, वार्ड पार्षद रंजीता प्रमोद पाटिल, मनीष कोठारी, अरुण सिंह सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

### मजदूर संघ ने कराया गरीब जोड़े का विवाह

**दुर्ग।** जनवादी राजमिस्त्री मजदूर संघ जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ के द्वारा गरीब बिटिया शादी किया गया। इस कार्यक्रम को अध्यक्ष अशोक पटेल एवं पदाधिकारीगण ठेकेदार की मौजूदगी में सम्पन किया गया। कार्यक्रम में सचिव छत्रपाल साहू, दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव भी शामिल हुए। सचिव ने बताया कि, मध्यम परिवार के जोडे का विवाह करने का यह पहला आयोजन है। उन्होने कहा आगे भी इस तरह के कार्य किए जाएंगे।

### अनूप गटागट बने चेंबर के अध्यक्ष



**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी के अनेक दायित्व का निर्वहन करते हुए वर्तमान में जिला आर्थिक प्रकोष्ठ दुर्ग का कमान संभालने वाले अनूप गटागट को चेंबर ऑफ कॉमर्स छत्तीसगढ़ द्वारा दुर्ग जिले का अध्यक्ष का दायित्व सौपा गया है। जिसके लिए पूरा दुर्ग नगर व मार्निंग वॉक ग्रुप प्रदेश नेतृत्व को धन्यवाद देते हुए अनूप गटागट का पुष्प गुच्छ और मिठाई खिलाकर उनका सम्मान किया गया। सम्मान करने वालों में शिव चन्द्राकर, ईश्वरी देवांगन, अमर भोई, नंदकिशोर शर्मा, अशोक चंद्राकर, रामकुमार ठाकुर, अजय चंद्राकर, मनोज दानी आदि शामिल थे।

## मोदी सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियों को लेकर भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला

# आम जनता तक सरकार के कामों को पहुंचना एक-एक कार्यकर्ता का दायित्व : जगदीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मोदी सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियों को लेकर भाजपा के विभिन्न कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक विषयों को लेकर भाजपा द्वारा जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य वक्ता भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री, महापौर नगर निगम धमतरी जगदीश रामू रोहरा थे। प्रदेश महामंत्री श्री रोहरा ने कहा कि संगठन में काम बढ़ रहे हैं, आम जनता तक हमारे सरकार के किए कार्यों को पहुंचना एक–एक कार्यकर्ता का दायित्व है। इसी का परिणाम है कि बालोद जिले में भाजपा ने इतिहास बनाया है नगरी निकाय व पंचायती राज में कांग्रेस पार्टी को क्लीन स्वीप करते हुए प्रचंड बहुमत से जीत हासिल किया। आगे भी इस जीत को जारी रखना है। केवल भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो सिर्फ चुनाव के बाद भी जनता के बीच वर्ष में 365 दिन विभिन्न कार्यक्रमों त्योहारों के माध्यम से कार्य करती है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन चुकी है, भारतवासी ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के साथ सशक्त और समृद्ध भारत पर गौरांवित हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे सेना ने जो पराक्रम दिखाया है, उससे हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया है, यह दुनिया भर में आतंक के खिलाफ लड़ाई है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार के 11 गौरवपूर्ण वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियां को जन–जन तक पहुंचने देशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान विकसित भारत का अमृत काल एवं सेवा सुशासन और गरीब कल्याण की 11 साल पर आधारित है। इसके तहत जिला स्तर पर प्रदेश से निर्धारित वक्ताओं द्वारा प्रेस वार्ता, केंद्र सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियां पर आधारित प्रदर्शनी, तीन अलग–अलग वक्ताओं द्वारा विषयों पर प्रोफेशनल मीट का आयोजन, 19 से 21 जून तक सभी मंडलों में योग शिविर का आयोजन, प्रत्येक शक्ति केद्रो में चौपाल कार्यक्रम, शहरों में मोहल्ला चौपाल, पंचायत केन्द्रों में ग्राम चौपाल का आयोजन, आयुष्मान योजना में 100 प्रतिशत वरिष्ठ नागरिकों का पंजीयन करवाना, विकसित भारत के लिए लोगों को संकल्प दिलाना, प्रत्येक चौपाल में पांच लाभार्थियों के अनुभव लेना, मोदी सरकार की उपलब्धियां का साहित्य घर–घर पहुंचाना, 5 जून से 5 अगस्त तक वृहद पौधारोपण, सिट बाल के माध्यम से सघन पौधारोपण, एक पेड़ मां के नाम जनप्रतिनिधियों द्वारा सामाजिक संस्थाओं द्वारा अभियान चलाना, 23 जून से 6 जुलाई डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखजएँ बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करना, भारत का काला अध्याय आपातकाल के 50 साल पूर्ण होने पर जिला स्तर पर सेमिनार, लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान, कॉलेज शैक्षणिक संस्थाओं को लक्षित कर कार्यक्रम एवं आपातकाल पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन सहित विभिन्न कार्यक्रमों को धरातल तक संपन्न करना होगा। कार्यशाला के प्रस्तावना संबोधन एवं विगत चार माह से संगठनात्मक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी को लेकर जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख ने आयोजित समस्त कार्यक्रमों को विस्तार पूर्वक बताया। कार्यशाला मे डौंडी की जनपद सदस्य रत्ना हिरवानी, आशा आर्य, झमित बाई ने विधिवत भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश किया। कार्यक्रम का संचालन संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के जिला संयोजक एवं जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव ने किया। आभार प्रदर्शन पूर्व जिला पंचायत सदस्य ललिता पिमन साहू ने किया।






### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रीतम साहू, कृष्णकांत पवार, पवन साहू, यज्ञदत्त शर्मा, देवलाल ठाकुर, अभिषेक शुक्ला, मोहन जैन, त्रिलोकी साहू, ठाकुर रामचंद्रकर, नरेश यदु, देवेंद्र जायसवाल, अनिता कुमेटि, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, प्रमोद जैन, लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम, हरिश कटझरे, लोकेश श्रीवास्तव, कमल पनपालिया, अमित चोपड़ा, टुकेश्वर पांडे, खेमलाल देवांगन, आनंद शर्मा, रुपेश नायक, जयेश ठाकुर, कृतिका साहू, प्रेम साहू, कौशल साहू, मनीष झा, राकेश द्विवेदी, टिनेश्वर बघेल, जितेन्द्र साहू, नरेंद्र सोनवानी, चंद्रिका गंजीर, प्रभा नायक, लक्ष्मी साहू, कमलेश सोनी, दुर्गानंद साहू, सौरभ लुनिया, रामलाल नायक, अकबर तिगाला, मनीष गांधी, प्रदीप साहू, पालक ठाकुर, सुरेन्द्र देशमुख, पुष्पेंद्र तिवारी, राजू राठी, संतोष कौशिक सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

# ईद पर मुस्लिम समाज ने दी एकता और भाईचारे की मिसाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

धार्मिक नगरी दल्लीराजहरा में मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया ,मुबारक मौके पर मुस्लिम समुदाय के शेख नय्यूम साहब, शेख नबी खान, इजराइल शाह, हाफ़िज़ नसीम रजा साहब, मो. इमरान मीर रफीक अली, छोटे मियां, अशरफ मेमन, साजिद खान, अब्दुल जब्बार, राजा कादरी, आरिफ भाई, मो इक़बाल गुड्डन, भाई, कादिर भाई, रफीक भाई, अब्दुल लतीफ, सद्दाम, शमशेर अली, जुनेद अली, शोएब, रिजवान, मुस्तफा, मोजामा मस्जिद रेल्वे कॉलोनी में इमाम हाफ़िज़ अब्दुल बशीर नायब इमाम अकीक नूरी ने बताया कि पढ़ाई नमाज़ ए ईद उल अजहा हाफ़िज़ नसीम रज़ा ने बताया-कुर्बानी के पीछे मकसद- बेशक अल्लाह दिलों के हाल जानता है और वह खूब समझता है कि बंदा जो कुर्बानी दे रहा है, उसके पीछे उसकी क्या नीयत है। जब बंदा अल्लाह का हुक्म मानकर महज अल्लाह की रजा के लिए कुर्बानी करेगा तो यकीनन वह अल्लाह की रजा हासिल करेगा, लेकिन अगर कुर्बानी करने में दिखावा या तकब्बुर आ गया तो उसका सवाब जाता रहेगा। कुर्बानी इज्जत के लिए नहीं की जाए, बल्कि इसे अल्लाह की इबादत समझकर किया जाए। अल्लाह हमें और आपको कहने से ज्यादा अमल की तौफीक दे। क्या है कुर्बानी का इतिहास- इब्राहीम अलैहिस्स्लाम एक पैगंबर गुजरे हैं, जिन्हें ख्वाब में अल्लाह का हुक्म हुआ कि वे अपने प्यारे बेटे इस्माईल अलैहिस्स्लाम को अल्लाह की राह में कुर्बान कर दें। यह इब्राहीम अलैहिस्स्लाम के लिए एक इम्तिहान था, जिसमें एक तरफ थी अपने बेटे से मुहब्बत और एक तरफ था अल्लाह का हुक्म। इब्राहीम अलैहिस्सलाम ने सिर्फ और सिर्फ अल्लाह के हुक्म को पूरा किया और अल्लाह को राजी करने की नीयत से अपने लख्ते जिगर इस्माईल अलैहिस्स्लाम की कुर्बानी देने को तैयार हो गए। कुर्बानी का मतलब समझया ईद उल अजहा पर कुर्बानी दी जाती है। यह एक जरिया है जिससे बंदा अल्लाह की रजा हासिल करता है। बेशक अल्लाह को कुर्बानी का गोश्त नहीं पहुँचता है, बल्कि वह तो केवल कुर्बानी के पीछे बंदों की नीयत को देखता है। अल्लाह को पसंद है कि बंदा उसकी राह में अपना हलाल तरीके से कमाया हुआ धन खर्च करे। कुर्बानी का सिलसिला ईद के दिन को मिलाकर तीन दिनों तक चलता है।

# भाजपा का संकल्प से समृद्धि तक कार्यशाला में बताई गई उपलब्धि

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई द्वारा संकल्प से समृद्धि तक का कार्यशाला संपन्न हुआ। अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल के विषयों को जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष नारायण चंदेल थे। अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय, विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, जागेश्वर साहू, लाभचंद बाफना, सांवला राम डाहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, जनपद अध्यक्ष पाटन कीर्ति नायक, बृजेश बिचपुरीया , शिरीष अग्रवाल, जिला महमंत्री प्रेम लाल साहू , बिजेंद्र सिंह, उपकार चंद्राकर,खिलावन साहू , तुलसी साहू, विजय जायसवाल, दया सिंह, राम खिलावन वर्मा मौजूद थे। जिला अध्यक्ष देवांगन ने कहा की 36 जगहों पर जगह-जगह तिरंगा यात्रा निकाली गई। डोमन लाल कोर्सेवाडा ने कहा की मोदी के 11 साल के कार्यकाल की उपलब्धि को हम जन जन तक हम सभी को लेकर जाएगें। मुख्य वक्ता नारायण चंदेल ने कहा की संकल्प से सिद्धि तक का केन्द्र में मोदी की सरकार चल रही है। पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने कहा की अटल बिहारी बाजपेयी बने तो प्रधानमंत्री सड़क योजना बनाई गांव से शहर को जोड़ने का काम किया। आजादी के बाद के सैनिकों का नाम जोड़ना और एक रुपए में बीमा संकल्प से सिद्धि कि कार्यशाला में हमें जन जन तक जानकारी देना है। संचालन महामंत्री प्रेमलाल साहू और आभार विजय जायसवाल, चंद्रकांता मांडले, शंकर लाल देवांगन, संजय दानी, प्रभुनाथ मिश्रा, डॉ राधेश्याम वर्मा, स्वीटी कौशिक, समेत कार्यकर्ता मौजूद थे।




### पर्यावरण दिवस पर कालेज में रोपे गए पौधे

**दुर्ग।** घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 2025 मनाया गया जिसमें ₹एक पेड़ माँ के नाम 2.0₹ अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे दयानंद शिक्षा समिति की उपाध्यक्ष आभारानी गुप्ता ने इस अवसर पर सभी को पौधे लगाने व पर्यावरण को स्वच्छ रखने का आहवान किया। यह कार्यक्रम दयानंद शिक्षा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष दिग्विजय सिंह गुप्ता एवं उपाध्यक्ष आभारानी गुप्ता के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मृदुला वर्मा, उपप्राचार्य डॉ. नीतू सिंह, डॉ. निशा श्रीवास्तव डॉ.आस्था सिजारिया, डॉ. संगीता वर्मा, कार्यक्रम प्रभारी सबीना बेगम एवं महाविद्यालय की सभी विभागाध्यक्ष, प्राध्यापको महाविद्यालयीन स्टाफ द्वारा पौधरोपण किया गया।

# ग्राम पंचायत में मकान टैक्स नहीं दिया तो रोक दिया राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

धमधा ब्लॉक के ग्राम पंचायत भरनी में ग्रामीणों के द्वारा मकान टैक्स नही देने पर राशन रोके जाने के मामले सामने आए है। बहरहाल इस आदेश से ग्रामीणों में हडकंप की स्थिति निर्मित हो गई है। वही ग्रामीणों ने राशन दुकान और सरपंच पर मिलीभगत का आरोप लगाया है।

■ **सरपंच और राशन दुकान कर्मचारी के बीच मिलीभगत का आरोप**

गांव के सरपंच पंच द्वारा गांव के मकान टैक्स के नाम से राशन कार्ड धारकों को राशन लेने के लिए रोक लगा दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि, सरपंच, पंच राशन दुकान के कर्मचारी की मिली भगत से राशन नही दिया जा रहा है। वही ग्रामीणों ने बताया सरपंच कहते है 2021 से लेकर 2025 तक 5 वर्ष का टैक्स लिया जा रहा है। जिसमे गांव के विकास कार्य में कही भी इसकी राशि नही दिखाई पड़ती। ग्रामीण एक वर्ष का टैक्स देने के लिए ग्रामीण तैयार है, अचानक ऐसा प्रतिबंध लगाया जाना गलत साबित हो रहा है, कि यह सरपंच और राशन दुकान संचालक की मनमानी है।




### राशन रोकने का प्रावधान नहीं

जिला पंचायत सीईओ बररंग दुबे ने बताया कि, मकान टैक्स के लिए राशन रोकने जैसा कोई प्रावधान नही है। इस संबंधित कोई निर्देश भी जारी नही किए गए है। इसके बाद भी गांव में राशन रोके जाने के मामले से ग्रामीण हालाकान है। सीईओ ने कहा हैं कि, मामले की जानकारी लेकर यथोचित निर्देश देंगे।

## पेज 11 के शेष...

### पानी के लिए तरस...

तुलसी साहू, रीना निषाद ने बताया कि इस गांव में पानी की काफी समस्या है। महिलाओं को तो घर में पानी ले जाने काफी परेशानी होती है। 15 लीटर के डब्बे से कई बार पानी ले जाना पड़ता है। उक्त मामले को लेकर सरपंच कुसुम प्रमोद देशमुख के अनुसार ग्राम पंचायत देवरी ख में बोर सफल नहीं होने के कारण पेयजल में समस्या आ रही है। गांव में 15 हैंडपंप है जिसमें से 12 हैंडपंप चालू है। परंतु वाटर लेवल डाउन होने कारण सभी हैंडपंप सूखने की कगार पर है। फिलहाल केंद्र सरकार की योजना से गांव में पानी टंकी निर्माण एवं गली में पाइपलाइन का निर्माण हो चुका है। सरकारी बोर सफल नहीं होने के कारण पेयजल की समस्या आ रही है। सरपंच कुसुम प्रमोद ने शासन से मांग की है कि तांदुला नदी नजदीक है। लिफ्ट इरीगेशन के माध्यम से गांव में पानी सप्लाई किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गांव में जो भी बोर करवाते हैं वह ड्राई हो जाता हैं, इसलिए पेयजल की संकट सामने आ रही है।

### राज्य महिला आयोग...

बल्कि यह भी संकेत देती है कि महिलाएं अब अपने अधिकारों को लेकर जागरूक हो रही हैं और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने को तैयार हैं। राज्य महिला आयोग ने जिले की सभी ऐसी पीड़ित महिलाओं से अपील की है जो किसी भी प्रकार की हिंसा या उत्पीड़न की शिकार हैं, वे इस सुनवाई में भाग लेकर आयोग के समक्ष अपनी समस्या रखें और न्याय प्राप्त करें।

पीड़ित महिला अनीता बाई, परमेश्वरी बाई,राम बाई ने बताया कि उनकी सुनवाई महिला थाना एवं दल्लीराजहरा पुलिस में नहीं हो रही है। 12 जून को राज्य महिला आयोग अध्यक्ष किरण मयी नायक जिला मुख्यालय बालोद पहुंचेंगे उनके समक्ष सह प्रमाण दस्तावेज प्रस्तुत कर अपनी पीड़ा बताएंगे।

### बालोद में बिजली...

की जा रही है। बिना टाईम टेबल के विद्युत कटौती करने से आम जनता बहुत परेशान है, जिससे आवश्यक कार्य रूक जाते है। विद्युत कटौती कभी तो सुबह ही कर दी जाती है, जो कि नल के माध्यम से पानी भरने का समय होता है, लेकिन सुबह ही विद्युत कटौती कर दी जाती है जिससे पानी की समस्या का सामना करना पड़ जाता है। ज्ञापन मे मांग की गई है कि मांगो को पूर्ण करते हुए अघोशित विद्युत कटौती पर रोक लगाई जावे। अघोशित विद्युत कटौती तुरंत प्रभाव से बंद की जावे। जहां जहां वोल्टेज की समस्या है उसका निदान तुरंत किया जाना चाहिया का मांग की गया।

### एनीमिया मुक्त ...

एनजीओ के नाम से ग्रामीणों के एनीमिया की जांच करने खून का सैंपल, आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर मांगे जाने की जानकारी मिलने पर मिथलेश निरोटी, जिला पंचायत सदस्य,संजय बैस पूर्व जनपद सदस्य, अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य ग्राम शिकारीटोला पहुंचकर जानकारी ली तो सोसायटी फॉर पब्लिक एडवांसमेंट गंज पारा दुर्ग से एनीमिया की जांच करने आने की जानकारी दी। इसकी जानकारी विकास खंड चिकित्सा अधिकारी और ना ही जनपद पंचायत डोंडी को ना होने से की जा रही जांच को बंद कराया। जिला चिकित्सा अधिकारी बालोद द्वारा चयनित ग्रामों के सरपंचों को भी जानकारी नहीं दी गई। ग्राम पंचायत धुरवाटोला की सरपंच ने मोबाइल के व्हाटअप में जिला चिकित्सा अधिकारी के पत्र की कॉपी आने की जानकारी दी।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

शैलदेवी महाविद्यालय
ADMISSION OPEN
BA (Home Science Geography)
BSc Maths CS/Bio
BCom
MCom
MA Hindi
MSC Chemistry/CS
BCA
DCA
PGDCA
MSW
B.Lib
PG Diplom in YOGA
Anda, Durg
9575037637, 6265377477
7880172431, 7880172432

**खबर संक्षेप**

### फर्जी दस्तावेजों से नौकरी पाने वालों पर कार्रवाई की मांग

**दल्लीराजहरा।** शहर सहित पूरे क्षेत्र में शासकीय विभागों में नौकरी पाने के लिए फर्जी प्रमाणपत्रों का उपयोग करने वालों का मामला तूल पकड़ने लगा है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार दर्जनों विभागों में ऐसे कर्मचारी कार्यरत हैं जिन्होंने नकली दस्तावेजों के सहारे सरकारी नौकरी हासिल कर ली है। वहीं असली पात्रता रखने वाले युवा दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं और बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। फर्जीवाड़े की पोल खुलने के बाद लोगों में गहरा आक्रोश है। योग्य अभ्यर्थियों को दरकिनार कर फर्जी प्रमाण रखने वालों की नियुक्ति ने व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। युवाओं का कहना है कि यह न सिर्फ उनके हक का अपमान है, बल्कि शासन-प्रशासन की निष्क्रियता का घोर उदाहरण भी है। जनप्रतिनिधियों और बेरोजगार युवाओं ने इस गंभीर मुद्दे को लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और बालोद जिला कलेक्टर श्रीमती दिव्या मिश्रा को लिखित में शिकायत पत्र भेजा है। इसमें दोषियों की तत्काल जांच कर उन्हें सेवा से बर्खास्त करने और पात्र अभ्यर्थियों को न्याय दिलाने की मांग की गई है।

### ग्राम अंडा में आज स्वास्थ्य जागरुकता शिविर

**अंडा।** ग्राम पंचायत भवन अंडा में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम शिविर आज समय सुबह 10 बजे से रखा गया है। इस कार्यक्रम अतिथि गण जया रवि वर्मा, साथ ही साथ क्षेत्र के जनपद सदस्य अजित चन्द्राकर, ग्राम पंचायत अंडा सरपंच दिग्विजय सिंहा उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम संयोजक संजय कुमार साहू ने कहा कि इस स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम शिविर को सफल बनाने के लिए आस पास के जनप्रतिनिधि व महिला समूह,ग्रामीण जनों से अनुरोध है कि अपने स्वास्थ्य के प्रति अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भाग लेवें।

**मासिक बैठक : दिवंगत पेंशनरों को दी गई श्रद्धांजलि**

# पर्यावरण दिवस पर पेंशनरों ने लिया संकल्प प्रकृति संरक्षण पर व्यक्त किए अपने विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा बालोद की मासिक बैठक पेंशनर भवन शिकारी पर में संपन्न हुई। मासिक बैठक मे पेंशनरों के लिए सरकार द्वारा डीए की घोषणा, विश्व पर्यावरण दिवस पर विचार, लिए गए संकल्प एवं सिद्ध पर वार्तालाप, पेंशनरों की समस्याओं की निराकरण की जानकारी तथा दिवंगत पेंशनरों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति व्याख्याता रूपनारायण सिन्हा थे। विशेष अतिथि सेवानिवृत्ति प्रोफेसर डीआर वैद्य, पवन सिंह एवं केआर नेताम दुधली थे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा एवं वंदना से प्रारंभ हुई। जिला अध्यक्ष डॉ. आरएम चावड़ा ने पेंशनरों के लिए डीए की सरकार द्वारा घोषणा का स्वागत करते हुए विगत माह पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण की जानकारी प्रदान की गई। रूपनारायण सिन्हा ने प्रकृति संरक्षण हेतु जीवो की सुरक्षा, वन संपदा, पानी का संकलन और उसका उपयोग पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा यह संसार परिवर्तनशील है, हमें भी अपने विचारों में परिवर्तन लाना पड़ेगा। शरीर भी परिवर्तनशील है हमें भी बदलना पड़ेगा। प्रकृति के संरक्षण हेतु बरसात के पानी का संकलन आज की आवश्यकता है। डीआर वैद्य ने कहा कि दुनिया में चार प्रकार के इंसान रहते हैं उसमें हमारी स्थिति चौथे नंबर की है, जो खुद का भला चाहता है एवं दूसरों का भला भी चाहता है। हमें पर्यावरण की सुरक्षा के साथ ब्रह्मा बिहार की भावना को ध्यान में रखना चाहिए। करुणा, मैत्री, मुदिता, उपेक्षा के भावों को भी उदाहरण सहित प्रस्तुत किया। बेलसर ने पेड़ पौधों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा की पेड़ पौधे केवल फल–फूल ही हमें नहीं देते बल्कि उनसे हमें ऑक्सीजन मिलता है। अतः उनकी सुरक्षा भी हमारी जवाबदारी है। सीएस साहू ने स्वरचित कविता प्रस्तुत किया। सेवा निवृत कृषि विकास विस्तार अधिकारी जीएस कौमार्य ने रासायनिक खेती के स्थान पर जैविक खेती जीवों का जीवन चक्र एवं आहार चक्र के बारे में विस्तार से बताया। बैठक के समापन के अवसर पर तीजू राम पटेल एवं मनोज दुबे के स्वर्गवास होने पर उन्हें मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आभार प्रदर्शन आरके साहू जी ने किया।



**इनकी रही उपस्थिति**

बैठक में सचिव पुरुषोत्तम लाल देशमुख, बीआर बेलसर, आईएन योगी, जीआर दीपक, उमेद डोंगरे, सुदामा दास, तुलाराम, मोहनलाल साहू, कोमल सिंह ठाकुर, अमर सिंह, जेपी सोने श्वर, सुरेंद्र ताम्रकार, लखन प्रसाद तिवारी, अमर कुमार साहू, दिलेश्वर देवांगन, बल्दु राम, डीडी निषाद, रूप लाल साहू, मुरारी लाल, लखन प्रसाद तिवारी, कालूराम साहू, प्रहलाद ठाकुर, रामेश्वर लाल यादव, कोमल सिंह ठाकुर, टी. मांडवी, आरपी वर्मा, कन्हैया लाल कौशिक, पवन सिंह सॉरी, हेमलाल निषाद, गिरधर लाल साहू, यूएस ठाकुर,गीता हिरवानी, सावित्री साहू, फुल बाई विश्वकर्मा, सुशीला बाई, पुष्पा बाई व अन्य पेंशनर उपस्थित थे।

# ग्रामीणों को अब नहीं जाना पड़ेगा 2 किमी दूर, बम्हनी में खुली राशन दुकान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

विकासखंड गुण्डरदेही के ग्राम पंचायत चीरचार के आश्रित ग्राम बम्हनी के ग्रामीणों को एक लीटर कैरोसीन व चावल के लिए 2 किमी की दूरी तय करनी पड़ती है। जिसमें बुर्जग, महिलाओं, दिव्यांगो को सर्वर डाउन के कारण जो तकलीफ होती है। वही इस समस्या को लेकर पूर्व सरपंच चुकेष्वर साहू ने कई बार नई राशन दुकान खोलने आवेदन दिया। ग्रामीणों की बरसो की मांग पुरी हुई, चावल त्यौहार में दोहरी खुशी ग्रामीणों को मिली, इस पर ग्रामीणों ने आभार जताया।

प्रदेश सरकार के आदेशानुसार चावल उत्सव मनाया गया। जिसमें हितग्राहियों को तीन माह का चांवल एकमुश्त दी। बता दे 1 जून से 7 जून तक चावल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान पात्र राशनकार्ड धारियों लगभग 210 परिवारो को जून, जुलाई, अगस्त 2025 की राशन साम्रगी एकमुश्त वितरित की जा रही है। इस दौरान ग्राम सरपंच चीरचार ने कहा कि शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ सभी परिवारो को मिले, मोदी सरकार की गांरटी का लाभ सभी को मिले, वहीं संचालक को कहा कि समस्त राशन कार्ड धारियों को समय पर तय मात्र में राशन मिले। इस अवसर पर जनपद सदस्य टुकेश्वरी भूपेन्द्र साहू, पूर्व सरपंच चुकेश्वर साहू, रोशन देशमुख, ताराचंद साहू, कमलेश यादव, पंच कुलदीप पटेल, विक्रेता भोलेश्वर देशमुख सहित बड़ी संख्या में चावल लेने हितग्राही पहुचे।

# ओबीसी महासभा की आमसभा, बाइक रैली आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/डौंडीलोहारा

ओबीसी महासभा द्वारा माननीय प्रधानमंत्री गृह मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष महामहिम राज्यपाल एवं माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बालोद के माध्यम से सद्भावना बाइक रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा जाएगा ,जिसमें मुख्य रूप से जातिगत राष्ट्रीय जनगणना शीघ्र कराए जाने, 32 वर्षों से लंबित 27% ओबीसी आरक्षण छत्तीसगढ़ में अविलंब लागू किए जाने ओबीसी महासभा अधिकार आंदोलन पिछड़े और वंचित समाज को संख्या के अनुपात में प्रत्येक क्षेत्र में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिलाने हेतु निस्वार्थ, ईमानदारी और त्याग के साथ सामाजिक कार्य कर रहे साथियों का एक गैर राजनीतिक सामाजिक संगठन है। 08 जून को होने वाली आम सभा धरना स्थल बालोद बस स्टैंड में 11 से आयोजित की जाएगी आमसभा के बाद 12:30 बजे से बाइक रैली आमसभा स्थल से दल्ली राजहरा चौक से घड़ी चौक होकर सदर लाइन होते हुए मधु चौक से जय स्तंभ चौक पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बालोद को मुख्यतः बाईस बिंदुओं पर ज्ञापन सौंपा जाएगा। तत्पश्चात जय स्तंभ चौक में आभार प्रकट करते हुए बाइक रैली का समापन किया जाएगा।

# दल्लीराजहरा में अवैध सट्टा कारोबार, जनता में रोष व्याप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा शहर के लगभग हर वार्ड में अवैध सट्टे का काला खेल दिन-रात बिना किसी डर के जारी है। एक का 80 के इस खतरनाक खेल ने कई घरों को बर्बादी की कगार पर ला खड़ा किया है। स्थिति यह है कि छोटे बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक इस सट्टा दलदल में फंसते जा रहे हैं। दल्लीराजहरा विश्वसनीय स्थानीय सूत्रों के अनुसार, शहर में 12 साल के किशोर से लेकर 55 वर्ष तक के लोग इस सट्टा कारोबार में लिप्त हैं। सट्टा खाईवालों ने बाकायदा वार्ड स्तर पर एजेंट बिठा दिए हैं, जहां दिनभर में लाखों रुपये का लेनदेन होता है और यह सब कुछ खुलेआम हो रहा है। वार्ड पार्षदों की जानकारी में है संज्ञान में हैं उसके बावजूद वार्ड पार्षद कार्रवाई करने के लिए आगे नहीं आ रहे हैं सता पक्ष ,विपक्ष दोनों राजनीतिक दल के पार्षद मौन धारण किए हुए हैं।

**क्या कहते हैं पुलिस अधिकारी**

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल कहते हैं अवैध कारोबार पर लगातार कार्रवाई जारी है आगे भी जारी रहेगी,कोई ठोस शिकायत प्रमाण हो तो अवश्य शिकायत करें, टीम भेजकर कड़ी कार्रवाई करेंगे। दल्लीराजहरा थाना प्रभारी कहते हैं लगातार कार्रवाई जारी है आगे भी जारी रहेगी सट्टा पर पूर्व में भी कार्रवाई हुई है।

**दल्लीराजहरा जनता में आक्रोश पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग-** शहरवासियों ने जिला पुलिस अधीक्षक एवं राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि वे दल्लीराजहरा पुलिस की भूमिका की जांच करें और सट्टा माफियाओं के खिलाफ ठोस, त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई करें। वरना यह सामाजिक संकट आने वाले समय में और भी विकराल रूप ले सकता है। यह सिर्फ एक काला कारोबार नहीं, बल्कि पूरे समाज को खोखला कर देने वाला धीमा ज़हर है। अब वक्त आ गया है कि पुलिस और प्रशासन जागे, वरना दल्लीराजहरा की जनता सड़कों पर उतरकर जनआंदोलन करने को मजबूर होगी।

**परिवार हो रहे बर्बाद, खाईवाल बना रहे साम्राज्य-** दल्लीराजहरा शहर में अवैध सट्टा के इस कारोबार ने न केवल आर्थिक बल्कि सामाजिक पतन की भी स्थिति पैदा कर दी है। कई गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार कर्ज में डूब चुके हैं। बच्चों की पढ़ाई छूट रही है, महिलाएं मानसिक तनाव में जी रही हैं, और कई घरों में रोज झगड़े-कलह की स्थिति बन गई है। वहीं दूसरी ओर, सट्टा खाईवाल और इसके सरगना आलीशान गाड़ियों में घूम रहे हैं, नए मकान बना रहे हैं।

चतुर्थ पुण्यतिथि
08.06.2025



स्व. जमना देवी यादव
धर्मपत्नी स्व. दाऊ रामकुमार यादव
जन्म - 07.03.1944 / स्वर्गवास - 08.06.2021

आपकी याद में श्रद्धानवत परिवार

मुकेश-पूर्णिमा यादव (पुत्र-पुत्रवधु),
राकेश-महिमा (पुत्र-पुत्रवधु)
पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष बालोद एवं पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा व जनसेवक संजारी बालोद
ओमिता यादव (पुत्री), राजेश-विनीता यादव (पुत्र-पुत्रवधु),
अद्वितीय यादव (पौत्री), आर्यमन, शिवांग, शशांक, अभिन्न,
कनिष्क, ऐशान (पौत्र), प्रेक्षा, सुहानी, प्रकृति (पौत्री)

मुकेश यादव (पुत्र),
श्रीमती किरण योगेश यादव (बहु)
अजय कुमार यादव (भतीजा),
नितिन यादव (भतीजा),
प्रवीण यादव (भाई),
धर्मधुरंधर यादव (पौत्र)

समस्त यादव परिवार बालोद, मो. 6265090065, 9993236733

"माँ"

माँ तुम्हारी याद में अनंत गीत लिखू या आँचल ,
तुम्हारी याद आते ही आँखें हो जाती सजल
सुना था समय के साथ भर जाते हैं, हर घाव,
पर मेरे मन के अब-तक नही बदल सके है भाव
माँ तुम्हारे आभामण्डल की तेजस्विता देख सूरज नमन करता था रोज,
व्यक्तित्व की शीतलता देख चन्द्रमा अर्क देता था रोज,
दीवारों पर लगी बिन्दियाँ याद दिलाती साथ बीतें पलों की
जो बातें रह गयी अधूरी जो इस जन्म में न होगी पूरी,
अन्तिम विधान भी देख धागा ऐसा जला मोम भी पिघला साथ
आँखें, देखती रही छूटा जन्म-जन्म का अपना साथ,
माँ - दादा तुमको खोना जिंदगी की सबसे बड़ी हार है,
आदित्य के उदय होने के बाद भी अंधकार है,
माँ तुम्हारी शिक्षा से करती हूँ, आचमन
दादा के दिये अटल हौसलों से लेती हूँ मार्गदर्शन
क्या? माँ तुम को खबर है तुम्हारे जाने का कितना असर है,
माँ तुम थी जब सोने का दिन था चाँदी की रातें
चहकती, महकती, खिलखिलाती थी हर बातें.
हमारी परछाई के लिए तुम्हारी धड़कने होती थी न्यौछावर,
अब भावनाओं ने ले लिया सन्यास,
साँसों की हर कदमों का है ये अहसास
माँ तुम्हारे जाने से विधाता ने खुशियों को दे दी उम्रकैद,
चाँद, सूरज, तारे सितारे परिवारजन सभी को इस दुःख का है खेद,
तुम्हारी स्मृतियों की गंगाजली में तुम्हारे ममता की है सुगंध,
ये हमको घराने की विरासत की है,
सौगंध माँ तुम्हारी दी कसमें सिसकती है
ये सारी बातें हर क्षण हर पल हम में पिघलती हैं
माँ तुम्हारे वचनों की मैं करती हूँ परिक्रमा,
माँ तुम्हारी आहट सुनने के लिए ओमिता तरसती है
काश कोई ऐसा तीर्थस्थल होता माँ जहाँ हम मिल लेते,

माँ शत्-शत् नमन...

## खबर संक्षेप



### 50 बिस्तरों वाला अस्पताल सिर्फ दो डॉक्टरों के भरोसे

**डौंडीलोहारा।** नगर का शासकीय अस्पताल इन दिनों खुद बीमार हो गया है। कहने को तो 50 बिस्तर अस्पताल है जिसमें सारी सुविधाएं मौजूद हैं, मरीजों की भी कोई कमी नहीं है, कमी है तो सिर्फ डॉक्टरों की। जब डॉक्टर ही नहीं है तो मरीजों का इलाज कैसे हो पाएगा। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 07 डॉक्टरों पद स्वीकृत है। जिसमें खंड चिकित्साअधिकारी, अस्पताल अधीक्षक, मेडिकल विशेषज्ञ, सर्जिकल विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, निश्चेतना विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ व चिकित्सा अधिकारी के एक-एक पद स्वीकृत है। लेकिन वर्तमान में दो डॉक्टर सिद्धार्थ भारद्वाज अस्थि रोग विशेषज्ञ तथा डा एन.एस. भंडारी चिकित्सा अधिकारी ही कार्यरत हैं। एक डॉक्टर हड्डी रोग विशेषज्ञ है ,जो कि जनरल वार्ड भी देख भी रहे हैं, जिले के सबसे बड़े ब्लॉक में एक भी महिला डॉक्टर का नहीं होना दुर्भाग्य का विषय है, दो डॉक्टर ही 24 घंटे ड्यूटी करते हैं, इसके अलावा पोस्टमार्टम भी इन्हीं डॉक्टरों के जिम्में है। इस ओर न तो किसी जन प्रतिनिधि को चिंता है,न ही शासन प्रशासन को, अस्पताल को स्वयं ही स्वस्थ होने का इंतजार है।

### विकास निधि की मांग को लेकर सौंपा मांगपत्र



**बालोद।** नगरीय निकायों में इस बार पूरे प्रदेश में भाजपा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अब तक कि सबसे बड़ी जीत हासिल की है। इस जीत के बाद नगर सरकार में भाजपा का वर्चस्व बढ़ने के साथ ही जनप्रतिनिधियों से जनता की अपेक्षाएं भी बढ़ गयी है। नगरीय निकायों में जिस प्रकार से अध्यक्षो को विकास कार्य कराने अलग से निधि का प्रावधान है, उसी प्रकार उपाध्यक्षो ने भी अपने पद अनुसार निधि की मांग की है। इसी तारतम्य में आज बालोद जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में प्रदेश भाजपा महामंत्री एवं धमतरी निगम के महापौर रामु रोहरा से मिलकर उन्हें प्रदेश के नगरीय निकाय मंत्री के नाम एक मांग पत्र सौंपा है, जिसमे प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के उपाध्यक्षो को भी निधि का प्रावधान रखने की मांग की गई है। बालोद नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी ने बताया कि जिस तरह अध्यक्षो से निकाय की जनता को विकास की उम्मीद रहती है, उसी प्रकार उपाध्यक्षो से भी जनता की अपेक्षाएं रहती है, उनसे भी अलग अलग वार्ड की जनता समस्या से निजात दिलाने की मांग करती है। दल्लीराजहरा के उपाध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा कि पूरे प्रदेश के उपाध्यक्षो में इस बात को लेकर पीड़ा है कि नगरीय निकाय में उन्हें सिर्फ पद ही मिलता है।

### निधन

### ललित कुमार साहू



**जामगांव आर।** ग्राम परसाही (टी) निवासी समाजसेवी ललित कुमार साहू का निधन गुरुवार को हो गया। स्थानीय मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार किया गया। वे नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन दुर्ग जिला महिला विंग अध्यक्ष भारती सोनबेर एवं भुनेश्वर साहू के पिता थे।

# दल्लीराजहरा में बंदरों का उत्पात बना खतरा, झूलते बिजली तारों से बढ़ी दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा

शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में बंदरों का उत्पात अब जनजीवन के लिए खतरे का कारण बनता जा रहा है। बंदर लगातार विद्युत तारों पर कूद-फांद कर रहे हैं, जिससे तारों की संरचना प्रभावित हो रही है। कई जगहों पर बिजली के तार इतने नीचे झूल गए हैं कि वे पेड़ों की टहनियों से टकराने लगे हैं। इससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। साथ ही तारों के बीच कौवे भी चिपक जा रहे हैं।

वार्ड क्रमांक 15 सहित स्थानीय नागरिकों ने बताया कि बंदर आए दिन तारों पर लटकते, झूलते और दो खंभों के बीच दौड़ लगाते हैं, जिससे तार खिंच कर नीचे झूलने लगे हैं। पेड़ों की टहनियों से स्पर्श करने के कारण विद्युत शॉर्ट सर्किट और आगजनी की घटनाएं होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

वर्तमान में गर्मी के मौसम में जहां एक ओर बिजली की मांग चरम पर है, वहीं इस तरह की स्थिति से विद्युत आपूर्ति में भी बाधा आ सकती है। इसके अलावा, नीचे झूलते तार राहगीरों, विशेषकर स्कूली बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए बड़ा खतरा बन चुके हैं।

स्थानीय निवासियों ने विद्युत विभाग से मांग की है कि इस गंभीर समस्या पर शीघ्र संज्ञान लिया जाए। संबंधित क्षेत्रों में विद्युत तारों की मरम्मत, पेड़ों की छंटाई और सुरक्षा उपायों को तत्काल लागू किया जाए ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

## विद्युत शॉर्ट सर्किट और आगजनी की घटनाएं होने की संभावना



### कार्रवाई चलती रहेगी

यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो यह समस्या एक बड़े हादसे का रूप ले सकती है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। विद्युत अधिकारी सुनील ठाकुर कहते हैं कि लगातार कार्य चल रहा है। जहां-जहां शिकायते मिल रही है वहां वहां विद्युत दूरस्थ किया जा रहा है, आगे भी इसी तरह की कार्रवाई चलती रहेगी।



## सुविधा : शिक्षकों की पदस्थापना से गांवों में जगी नई उम्मीद

# युक्तियुक्तकरण से दल्लीराजहरा क्षेत्र के ग्रामीण स्कूलों में लौटी रौनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के तहत दल्लीराजहरा शहर सहित क्षेत्र के सुदूरवर्ती और आदिवासी अंचलों में शिक्षा की एक नई किरण जग चुकी है। वर्षों से उपेक्षित और शिक्षकविहीन स्कूलों में अब पढ़ाई का माहौल लौट आया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और दृढ़ संकल्प से शुरू हुए इस अभियान ने ग्रामीण अंचलों में शिक्षा के प्रति लोगों का विश्वास फिर से मजबूत किया है। आदिवासी बाहुल्य विकासखंड ब्लाक स्कूलों में बहार लौटी विकासखंड के अंतर्गत आने वाले दो प्राथमिक विद्यालय कोटागाव और अरमुरकसा जो लंबे समय से शिक्षकविहीन थे, वहां अब युक्तियुक्तकरण के तहत 2-2 नियमित शिक्षकों की नियुक्ति हो चुकी है। वर्षों से जहां केवल नाममात्र की व्यवस्था से स्कूल चल रहा था, वहीं अब बच्चों की उपस्थिति में जबरदस्त बढ़ोतरी देखी जा रही है। अरमुरकसा निवासी सुनीता बाई तारम जिनकी बेटी कक्षा पाँचवीं में पढ़ती है, भावुक होकर बताती हैं। अब मन को तसल्ली है कि हमारे बच्चे भी कुछ बन सकेंगे। शिक्षकों का आना हमारे लिए किसी त्यौहार से कम नहीं है। इसी तरह कोटागांव के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षकों की वापसी ने ग्रामीणों के चेहरे पर मुस्कान ला दी है। पहले जहां गांव के लोग अपने बच्चों को पढ़ाई के लिए दूसरे गांव भेजने को मजबूर थे, अब वे गर्व से कहते हैं कि /"हमारे गांव में भी पढ़ाई संभव हो सकेगी।

### पालक और विद्यार्थी दोनों उत्साहित



फाइल फोटो

### सरकार के प्रति जताया आभार

शाला प्रबंधन समिति और ग्रामवासियों ने शिक्षकों के आगमन पर फूलमालाओं से स्वागत किया और शासन को धन्यवाद दिया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कहा कि यह केवल एक नियुक्ति नहीं, बल्कि शिक्षा की नई शुरुआत है।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का स्पष्ट संदेश: शिक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस पहल को लेकर कहा, /"हमारी सरकार की यह दृढ़ नीति है कि किसी भी स्कूल को शिक्षकविहीन नहीं छोड़ा जाएगा। युक्तियुक्तकरण के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया है कि जहां आवश्यकता है, वहां शिक्षक हों। यह केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि प्रदेश के भविष्य को सँवारने का अभियान है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि आने वाले शैक्षणिक सत्र तक प्रदेश की सभी प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं में दल्लीराजहरा में दिख रहा असर, शिक्षा के प्रति जागरूकता में भारी उछाल दल्लीराजहरा शहर और आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में युक्तियुक्तकरण का प्रभाव अब ज़मीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से महसूस किया जा रहा है। जहां पहले विद्यालय वीरान पड़े थे, वहीं अब बच्चों की चहलकदमी, शैक्षणिक गतिविधियों और अध्यापन से शिक्षा का माहौल लौट आया है। दल्लीराजहरा से लेकर मंगलतरई तक शिक्षा के इस सकारात्मक परिवर्तन ने ग्रामीण समाज में सरकार के प्रति विश्वास को नई मजबूती दी है। यह पहल न केवल बच्चों के भविष्य को संवारेगी, बल्कि एक समावेशी और सशक्त छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

## दिव्यांग मंच की 6 सूत्रीय मांगों को लेकर 18 जून को बालोद में धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

छत्तीसगढ़ विकलांग मंच जिला बालोद द्वारा बैठक मे अपने 6 सूत्रिय मांगो को लेकर आगामी 18 जून को बालोद जिले में धरना प्रदर्शन एवं पैदल मार्च करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध मे संघ द्वारा एसडीएम को ज्ञापन सौपा गया।

ज्ञापन के माध्यम से संघ ने कहा कि छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ के बैनर तले कई बार छत्तीसगढ़ सरकार को एवं शासन प्रशासन को 6 सूत्रिय मांग हेतु आवेदन दिया गया है, लेकिन इस पर सरकार और शासन प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाई नही किया गया। इसके कारण सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करते हुए अपने 6 सूत्रिय मांगो को पूरा करने की मांग करेंगे। जिसके लिए 18 जून को बालोद बस स्टैण्ड के पास एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसके बाद दल्लीचौक, घड़ी चौक, जय स्तंभ, चौक होते हुए बस स्टैण्ड वापस आकर पैदल मार्च समाप्त किया जाएगा। संघ का मांग है कि पेंशन मे वृद्धी और बीपीएल की बाध्यता समाप्त करते हुए दिव्यांगजनो को प्रतिमाह 5,000 रूपये मासिक पेंशन दी जाए और इस पेशन के लिए बीपीएल होने की बाध्यता को समाप्त किया जाए वर्तमान मे यह पेंशन राशि काफी कम है। महतारी वंदन योजना का लाभ 18 वर्ष से अधिक की अविवाहित दिव्यांग युवतियो और महिलाओ को महतारी वंदन का लाभ दिया जाए।



दिव्यांगजनो के लिए विशेष भर्ती अभियान चलाकर अतिशीघ्र शासकीय पदो पर विज्ञापन जारी किया जाए ताकि उन्हे रोजगार मिल सके। शासकीय दिव्यांग कर्मीयो को पदोन्नती मे 4 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। कोरोना के पूर्व दिए गए सभी दिव्यांग लोन माफ किया जाए और बेरोजगार दिव्यांगो को बिना गारंटर के लोन दिलाया जाए। फर्जी दिव्यांगता प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी करने वाले लोगों की राज्य मेडिकल बोर्ड या संभाग मेडिकल बोर्ड द्वारा जांच की जाए और उन्हे बर्खास्त किया जाए की मांग संघ द्वारा की गई है।

## एक पेड़, एक जीवन संदेश के साथ में पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

■ जल, जंगल जमीन और जीवन के संरक्षण का लिया संकल्प

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद के तत्वाधान मे गीता पाठशाला, करहीभदर में पौधारोपण का कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें विशेष रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष व रेडक्रास सोसायटी के चेयरमेन तोमन साहू, महिला मोर्चा भाजपाध्यक्ष दीपा साहू, सेवानिवृत्त आरटीओ पंडित चुरेन्द्र, भोपसिंह साहू, ब्रह्माकुमारीज बालोद की मुख्य संचालिका बीके विजयलक्ष्मी साथ में बीके सरिता द्वारा 105 नग पौधो का रोपण किया गया तथा मंच संचालन बीके नेहा ने किया। बीके विजयलक्ष्मी ने कहा कि वर्तमान समय में प्रदूषण इतना विकराल रूप ले चुका है कि हरेक को अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी समझने की जरूरत है। आजकल प्लास्टिक बहुत बड़ी समस्या बन चुका है।



प्रकृति ने हमें सबकुछ दिया है लेकिन जब हम लोभवश उसका अत्यधिक दोहन करने लगते है तब समस्या शुरू होती है। इसलिए अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और उनका संवर्धन करें। बीके सरिता ने कहा कि जल, जंगल, जानवर, जमीन, जनमा इन सभी के समूह मिलकर पर्यावरण बनता है। जल जन अभियान के तहत उन्होंने कहा कि जल है तो हमारा भविष्य है। जल प्रकृति द्वारा मनुष्य को दी गई महत्वपूर्ण सम्पत्तियों में से एक है। बिना जल के जीवन की कल्पना संभव नहीं है। जल की कमी धीरे–धीरे बढ़कर एक गंभीर समस्या का रूप लेती जा रही है। जन संख्या विस्फोट, बढ़ता प्रदूषण अंधाधुंध औद्योगीकरण, निरंतर गिरता भू जल का स्तर वृक्षो का कटाव तथा पानी की बर्बादी आज सबसे बड़ी समस्यायें है। तोमन साहू ने कहा कि एक पेड़ हरेक को अवश्य लगाना है। भारतीय संसकृति में पेड़ को मां माना गया है, जब हम एक पेड़ लगाते है तो सिर्फ जड़े नहीं गाड़ते बल्कि हम संसकृति, कर्तव्य और भविष्य को भी रोपते है। मां जीवन देती है और पेड़ जीवन को संजोते है। इस तरह से संस्था के भाई बहन भी उपस्थित थे सभी ने मिलकर पौधा रोपण किया।

## संयम पथ की ओर अग्रसर हुई नगर की बेटी मेघा डोसी, हुआ आत्मिक स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

नगर की लाडली बिटिया मेघा डोसी संयम पथ की ओर अग्रसर हो चली है। इस हेतु परिजनों ने जैन आचार्य भगवन श्रीरामलालजी मसा के श्री चरणों मे राजस्थान के बीकानेर शहर में नेहा व साक्षी के दीक्षा दिवस के अवसर पर 4 जून को अनुज्ञा पत्र सौंपा। अनुज्ञा पत्र सौंपने के बाद मूमुक्षु बहन मेघा डोसी का शुक्रवार को प्रथम नगर आगमन हुआ। नगर सहित आसपास के लोगों ने मूमुक्षु बहन का भव्य व आत्मिक स्वागत व अभिनंदन किया। जैसे ही मूमुक्षु बहनों का नगर आगमन हुआ उपस्थित जन समुदाय ने आध्यात्मिक नारो से नगर को आध्यात्म रस से भर दिया व संयम जीवन सार है बाकी सब बेकार है, जन्म लेना सबको एक बार है, व राम गुरु विराट है, दीक्षाओं का ठाठ है आदि विभिन्न धार्मिक नारों से मूमुक्षु बहन को भाव विभोर कर दिया। नगर के पुराने बस स्टैंड स्थित महाकाली मंदिर के सामने से खुले कार पर मूमुक्षु बहन को सवार करते हुए, अभिनन्दन यात्रा निकाली गई। मुख्य मार्ग से विवेकानंद चौक होते हुए सदर मार्ग स्थित निवास तक अभिनंदन यात्रा चली। जहां पर मार्ग के दोनों ओर उपस्थित जन समुदाय का मूमुक्षु बहन दोंनो हाथ जोड़कर अभिवादन कर रही थी व जन समुदाय का आभार भी व्यक्त कर रही थी। इस दौरान सामाजिक बंधुओं के द्वारा अपने अपने घरों के सामने मूमुक्षु बहन को हार धार्मिक पटका व कुमकुम चांवल का तिलक लगाकर स्वागत अभिनंदन कर रहे थे। इस दौरान पारिवारिक जनों सहित उपस्थित जन समुदाय की आंखे नम भी थी कि अब कुछ दिनों या महीनों के बाद मूमुक्षु बहन नगर से चली जाएंगी व अपने धर्म गुरु भगवन की आज्ञा में साध्वी वृन्दों के साथ अपनी संयम यात्रा शुरू करेगी।

### मानव जीवन आत्मकल्याण हेतु मिला है : मूमुक्षु मेघा डोसी

उल्लेखनीय है कि नगर के रीखबचंद डोसी व मधु डोसी की सुपुत्री मेघा डोसी ने संसार की असारता को समझते हुए आत्मकल्याण निज व पर कल्याण की भावना से संयम जीवन अंगीकार करने का फैसला लिया है। पारिवारिक जनों की अनुज्ञा से धर्मगुरु आचार्य भगवन श्रीरामलाल जी मसा के सानिध्य में व उन्ही के मुखारविंद से संयम जीवन अंगीकार कर दीक्षा ग्रहण करेंगी अभी दीक्षा की तिथि तय नही हुई है।दीक्षा इस वर्ष के चातुर्मास काल मे राजस्थान के देशनोक नगर में होगी। जहां पर इस वर्ष आचार्य भगवन श्रीरामलालजी मसा का चातुर्मास होना तय किया गया है।

मूमुक्षु बहन ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि यह मानव जीवन सिर्फ और सिर्फ आत्मकल्याण के लिए ही मिला है।संसार के सुख क्षणिक है।संसार के एक सुख के पीछे अनेकों दुख छिपे हुए हैं।उन्होंने समस्त आत्मिक बन्धुओ से जाने अनजाने गलतियों की क्षमायाचना करते हुए शुभ मंगल जीवन के लिए आशीर्वाद देने का निवेदन किया व उपस्थित जनों से धर्ममय जीवन जीने की प्रेरणा दी। मूमुक्षु बहन ने उपस्थित जन समुदाय को मंगल पाठ श्रवण कराया।उपस्थित जन समुदाय ने आध्यात्मिक भजनों व हर्ष हर्ष जय जय के नारों से सम्पूर्ण वातावरण को धर्ममय बना दिया था।उल्लेखनीय है कि नगर की बेटी राखी सांखला (वर्तमान में रामरक्षाश्रीजी मसा) की सात फरवरी को राजस्थान के नोखा में व नेहा डोसी (वर्तमान में रामनिभाश्रीजी मसा) व साक्षी भन्साली (वर्तमान में रामसुधा श्रीजी मसा) की जैन भगवती दीक्षा चार जून को बीकानेर शहर में सम्पन्न हुई है।इस वर्ष नगर से कुल तीन बेटियों की दीक्षा हो गई है वही मेघा के बाद कुल चार हो जाएंगी। वही नगर से एक संत व पंद्रह साध्वी यानि कुल 16 दीक्षा पूर्व में हो चुकी है।



### शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने वाले दो गिरफ्तार

**भिलाई।** शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने वाले दो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि नगर निगम जोन 2 कार्यालय वैशाली नगर के मदन मोहन तिवारी ने शिकायत किया था कि नगर निगम भिलाई के वार्ड 14 शांति नगर मे भवन निर्माण के लिए शासकीय भूमि खसरा 7941/1 रकबा 1.260 आबंटित हुआ है। जिसे राजस्व निरीक्षक कोहका के प्रतिवेदनानुसार 56000 वर्ग फीट की भूमि में बाउण्ड्रीवाल, शेड निर्माण, मकान, गार्डन, तार फेंसिंग कुछ लोगों द्वाराकर अवैध कब्जा किया था।

## प्लास्टिकमुक्त अभियान के बाद सांस्कृतिक जागरुकता में पहल की

हरिभूमि न्यूज ⏭ लाटाबोड़

गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम सिर्राभांठा के रहने वाले राजेश सिन्हा जहां एक ओर बालोद जिले को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए विभिन्न संस्था, समूह, समाज और संगठन के ग्रामीणों को अपनी ओर से निशुल्क 200 स्टील के थाली गिलास का सेट वितरित करते हैं। वहीं उन्होंने अब महिलाओं की एक मंडली को वाद्य यंत्र दान कर विशेष सहयोग प्रदान किया है। इस क्रम में उन्होंने सतमरा की प्रज्ञा महिला मंडल को ढोलक, हारमोनियम आदि दान किया। उक्त महिला मंडल गायत्री परिवार से भी जुड़े हुए हैं। जो इस हारमोनियम ढोलक वाद्य यंत्रों का इस्तेमाल भजन आदि प्रस्तुति में करेंगे। राजेश सिन्हा द्वारा किए गए इस दान पर प्रज्ञा महिला मंडल के अध्यक्ष रंभा साहू, सदस्य संगीता साहू, गायत्री निषाद, भूमिका साहू सहित गायत्री परिवार से जुड़े खिलानंद साहू, तुकाराम साहू, डॉक्टर खिलेश्वर साहू, टेकू आदि ने आभार व्यक्त किया। उक्त वाद्य यंत्र वितरण के अवसर पर राजेश सिन्हा के प्रतिनिधि उनके छोटे भाई खिलावन सिन्हा, अमृततानंद सिन्हा, बलराम सिन्हा, मिलाप सिन्हा एवं रुपचंद जैन मौजूद रहे।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
पलकों का न खुलना
टोसिस PTOSIS का ईलाज
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
न्यूरोलॉजी विभाग
• सिर दर्द (माईग्रेन)
• मिर्गी • लकवा
• ब्रेन ट्यूमर
• ब्रेन हेमरेज
24 Hours Helpline 9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411